https://msdsuonline.ac.in

महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

पत्रांकः 1347/कु0का0/2023 दिनांक 10/4/2023

अति आवश्यक/शीर्ष प्राथमिकता

सेवा मे,

प्राचार्य
समस्त सम्बद्व महाविद्यालय
महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय,
आजमगढ़।

विषयः– सत्र 2022–23 के स्नातक एंव परास्नातक विषम सेमेस्टर (दिसम्बर 2022) परीक्षा के समस्त पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षाओं/आन्तरिक मूल्यांकन के अंक उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में

महोद्य,

कृपया अवगत होने का कष्ट करे कि विश्वविद्यालय के सत्र 2022–23 के स्नातक एंव परास्नातक विषम सेमेस्टर के पाठ्यक्रमो की मुख्य परीक्षा 05 जनवरी 2022 को सम्पन्न हो चुकी है। उक्त पाठ्यक्रमों के प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु समस्त महाविद्यालयों को सम्बन्धित विषय के प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु परीक्षक नियुक्त कर सूची महाविद्यालय लॉगिन आई0डी पर उपलब्ध करायी गयी थी। परन्तु कतिपय महाविद्यालयों से प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षाओं/आन्तरिक मूल्यांकन के अंक अद्यतन अप्राप्त है। जिसके कारण उक्त महाविद्यालयों का परिणाम धोषित नही हो पा रहा है और छात्रहित भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित हो रहा है।

इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के पत्र संख्या 1173/कु0का0/2023 दिनांक 16/02/2023 द्वारा शीघ्र अंक भेजने हेतु आपको पुनः सूचित किया गया था, उसके बावजूद भी प्रयोगात्मक/मौखिकी परीक्षा/आन्तरिक मूल्यांकन के अंक अद्यतन अप्राप्त है, और ऐसे महाविद्यालय द्वारा अभी तक अंक प्राप्त न कराने का कोई कारण भी प्रस्तुत नही किया गया है।

अतः समस्त सम्बन्धित महाविद्यालयों को पुनः आदेशित किया जाता है कि दिनांकः 25.04.2023 तक प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा/आन्तरिक मूल्यांकन के अंक शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित महाविद्यालय का परिणाम धोषित नही हो पायेगा और विश्वविद्यालय ऐसे महाविद्यालयों के विरूद्व दण्डात्मक कार्यावाही करेगा तथा ऐसे महाविद्यालयों की सम्बद्वता विस्तारण/नई सम्बद्वता दिए जाने पर विचार नहीं किया जाएगा।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि–

1. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी को सूचनार्थ।

कुलसचिव